तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025



14 कृष्ण जन्माष्टमी पर नगर में हुआ रामायण पाठ


12 प्रेरणा साहित्य समिति शिक्षा, स्वास्थ्य कला और समाज...








## खबर संक्षेप

### नगर में नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ आज


**बालोद।** जैन श्री संघ बालोद द्वारा राजनांदगांव की सामाजिक संस्था उदयाचल के सहयोग से सदर रोड स्थित चिनार काम्प्लेक्स के पास नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ 19 अगस्त को किया जा रहा है। मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर आराधना है, कहावत को चरितार्थ करते हुए जैन श्रीसंघ एवं उदयाचल चेरिटेबल आई हॉस्पिटल राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में स्व. पांचीबाई सांखला स्मृति उदयाचल नेत्र जांच एवं चश्मा केंद्र भी प्रारंभ किया जा रहा है। नेत्र जांच के लिए मात्र एक बार रजिस्ट्रेशन शुल्क 30 रुपए लगेगा, जिसमें जांच कराने वाले को एक फ़ाइल बनाकर दी जाएगी। जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने बताया कि यहां प्रतिदिन आंखों की जांच की जायेगी, साथ ही मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन उदयाचल राजनांदगांव में कराने पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। पूर्व में भी जैन श्रीसंघ के माध्यम से लगभग 65 मोतियाबिंद के आपरेशन कराए गए हैं। नेत्र जांच केंद्र का शेष पेज 12 पर

**मांग**

विधायक और शासन को सड़क निर्माण के लिए कई बार दे चुके हैं आवेदन, नहीं हो रही सुनवाई

# खैरबना-कांदुल मार्ग निर्माण के लिए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/गुण्डरदेही

शहीद ग्राम खैरबना के सैकड़ों ग्रामीणों ने खैरबना से कांदुल पहुंच 0निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को कांदुल मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर अपना विरोध जताया। ग्रामीण की मांग है कि आजादी के बाद से आज तक खैरबना से कांदुल मार्ग नहीं बन पाया है, जनप्रतिनिधि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे कर वोट मांगते हैं और चुनाव के बाद सब भुल जाते हैं।

शासन प्रशासन द्वारा इस मार्ग पर ध्यान नहीं दिया है, इस तीन किलोमीटर की सड़क में सैकड़ों गड्ढे हैं। ग्रामीण व स्कूली बच्चे रोज इस मार्ग में अपनी जान जोखिम में डालकर आना-जाना करते हैं, बरसात के दिनों में उस मार्ग में आने जाने में काफी परेशानी होती है। किसानी कार्य में भी काफी दिक्कतें होती है। ग्रामीण खुद श्रमदान कर सड़क को अपने लिए चलने लायक बनाए हैं। शासन प्रशासन ने इस मार्ग के लिए कोई सहयोग नहीं किया है, लेकिन बरसात में आवागमन में काफी दिक्कत होती है। विधायक व शासन प्रशासन को कई बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। इधर गुण्डरदेही एसडीएम, अर्जुन्दा तहसीलदार, एसडीओपी, अर्जुन्दा थाना प्रभारी व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

इधर चक्काजाम के बीच ग्रामीणों के साथ आप नेता जसवंत सिन्हा भी शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीण के साथ बैठकर शासन प्रशासन व स्थानीय विधायक को जमकर कोसा। उन्होंने कहा भाजपा व कांग्रेस दोनों दल झुठे वादे कर सत्ता हासिल करते हैं, पिछली सरकार में कोई विकास शेष पेज 12 पर

### मंत्रालय भेजा गया स्टीमेट

गुण्डरदेही लोक निर्माण विभाग के एसडीओ गोस्वामी ने बताया कि उक्त मार्ग के लिए 9 करोड़ 75 लाख का स्टीमेट मंत्रालय को भेज दिया गया है, जैसे ही शासन से राशि स्वीकृति होगी काम शुरू कराया जाएगा।

### गड्ढों में मुरूम डाली जायेगी

अर्जुन्दा तहसीलदार चन्द्रशेखर चन्द्राकर ने बताया कि जहां जहां गड्ढे हैं वहां मुरम डालकर चलने लायक बनाया जाएगा, ताकि आवागमन में परेशानी ना हो।

## खाद के लिए गुजरा समिति में किसानों ने किया आंदोलन और सौंपा ज्ञापन



**कुसुमकसा।** गुजरा सहकारी समिति में खाद की कमी से परेशान किसानों ने समिति परिसर में बैठकर खाद की मांग को लेकर लगभग चार घंटे तक प्रदर्शन के साथ नारेबाजी की। किसानों का आरोप है कि उन्हें धान की बुवाई के बाद से पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही है, जिससे उनकी फसल प्रभावित हो रही है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुजरा के सैकड़ों किसानों ने समिति परिसर के सामने बैठकर खाद की मांग को लेकर नारेबाजी की। ये किसान भैसबोड़, बनगांव, दानिटोला, बोरिद, गुजरा, सुवरबोड़, खलारी और अडजाल जैसे गांवों से आए थे। किसानों ने बताया कि 11 अगस्त को भी उन्होंने समिति प्रबंधक को ज्ञापन देकर खाद की कमी से अवगत कराया था, लेकिन उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। किसानों के सब्र का बांध टूट शेष पेज 12 पर

- कल तक सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में यूरिया और डीएपी नहीं आने पर 21 को तालाबंदी की चेतावनी

## बिजली कर्मचारी से मारपीट ग्रामीणों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम कांदुल के लोगों द्वारा ट्रैक्टर के माध्यम से दर्जनों की संख्या में पहुंचकर बिजली गुल का विरोध करने पर 17 ग्रामीणों के खिलाफ विभाग ने पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। इसके बाद पुलिस ने धारा 221, 121(1), 324(3), 191(1), 296, 351(3), 115(2), 331(3), 126(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

मामले में विद्युत वितरण केन्द्र अर्जुन्दा में कनिष्ठ अभियंता होमेन्द्र कुमार करपाल पिता रामसहाय करपाल 32 साल ने पुलिय को बताया कि 14 अगस्त से लगातार मौसम खराब होने के कारण ग्राम कांदुल में बार–बार विद्युत बाधित हो रही थी, तब 17 अगस्त को विद्युत वितरण केन्द्र अर्जुन्दा में पुरूषोत्तम साहू, महेश ठाकुर, दिलीप देशमुख, सेवंत पटेल एवं कृष्ण कुमार बर्मन ड्युटी पर उपस्थित थे। शाम करीब 7.30 बजे ग्राम कांदुल, खैरबना, खपरी व रौना का विद्युत आपूर्ति बाधित थी, जिसकी बहाली का कार्य चल रहा था, तभी करीबन 9.30 बजे ग्राम कांदुल के ग्रामीण ट्रैक्टर एवं पिकप से बिजली ऑफिस अर्जुन्दा पहुंचे, जिसमे कैलाश उर्फ राजू सिन्हा, चिमन देवांगन, राजेन्द्र साहू, पदुम लाल साहू, अमित सिप्पी, शेखर सेन, पिंटु देवांगन, सुनिल साहू, पिंटु बघेल, भोजु देवांगन, तामेश्वरर बघेल, राजु साहू, रोशन यादव शेष पेज 12 पर

- कांदुल में बिजली गुल होने पर दर्जनभर ग्रामीण पहुंचे आफिस, ट्रांसफार्मर में तोड़फोड़ का आरोप, चक्काजाम भी किया

## कार और बाइक में टक्कर दोनों चालक हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

गंगरेल बांध घुमकर आ रहे कार में सवार परिवार को बाइक ने ठोकर मार दी, जिससे कार चालक के तरफ ठोकर लगने से कार चालक घायल हो गया और बाईक चालक भी घायल हो गया। इसके बाद कार चालक ने बाइक चालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में पुलिस जांच चल रही है।

श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर सिकोला भाठा दुर्ग, थाना मोहन नगर, जिला दुर्ग निवासी जतिन तरफदार पिता उदय कुमार तरफदार 23 वर्ष ने पुलिस को बताया कि अपने पापा उदय कुमार तरफदार, मम्मी जयंती तरफदार, बहन रूपशा डे, रायशा डे के साथ अपनी कार क्रमांक सीजी 04 डीक्यू 0121 से सिकोलाभाठा दुर्ग से जिला धमतरी गंगरेल बांध घुमने गये थे। कार को मैं चला रहा था, गंगरेल बांध से वापस अपने घर सिकोला भाठा दुर्ग जा रहे थे, शाम लगभग 5.45 बजे ग्राम कलंगपुर पेट्रोल पंप के आगे मेन रोड में पहुंचे थे, तभी गुण्डरदेही रोड की ओर से मोटर सायकिल हीरो होण्डा स्प्लेण्डर क्रमांक सीजी 04 सी 8555 शेष पेज 12 पर







**खबर संक्षेप**



## ठेठवार समाज ने मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**दुर्ग।** जिला यादव ठेठवार समाज दुर्ग नगर द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर यादव ठेठवार सामुदायिक भवन राजीव नगर में यदुकुल शिरोमणि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पूजा पाठ कर मनाया गया। कार्यक्रम में गुरूजी कलीराम यादव, भुनेश्वर यादव, जनक यादव, गैंदलाल यादव, मुकेश यादव, बृजराज यादव, अशोक यादव, शिव प्रसाद यादव, होमलाल यादव, रमेश यादव, सतीश कुमार यादव,राधेलाल यादव, संजय यादव,करण यादव,महेश ठेठवार, आशीष यादव, ऋषि यादव, तिलक यादव सहित बड़ी संख्या में दुर्ग जिला यादव ठेठवार समाज के पदाधिकारी शामिल हुए।

## दुर्ग के जैन परिवार ने दी नेत्रदान की सहमति



**दुर्ग।** भोमियाजी मोबाईल एवं नमन फूड प्रोडक्टस के संचालक गौतम जैन एवं मनीष जैन की माता गवलीपारा निवासी जतन बाई चौरड़िया (गंडई, दुर्ग) (76 वर्ष) के निधन के पश्चात उनके नेत्रों का दान किया गय। जतन बाई के परिवार की ओर से गौतम जैन, मनीष जैन ,शोभा जैन, मेधा जैन, मधु जैन, पुष्पा नाहटा, मनीषा, ममता, संगीता, सिद्धार्थ, विशाल, मनन ने नेत्रदान की सहमति दी। परिवार की सहमति मिलते ही नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य राज आढ़तिया, कुलवंत भाटिया, रितेश जैन, राजेश पारख, प्रभुदयाल उजाला श्री जैन के गवलीपारा निवास पहुंचे एवं नेत्रदान प्रक्रिया में सहयोग किया। मध्य रात्रि श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ संदीप बाचकर एवं नेत्र बैंक प्रभारी विवेक कसार ने कॉर्निया कलेक्ट किया।

## सोलो और ग्रुप डांस में लगाए ठुमके, गेम्स में जीता इनाम

**दुर्ग।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज दुर्ग नगर इकाई द्वारा तीज मिलन का आयोजन मनवा कुर्मी भवन शंकर नगर दुर्ग में किया गया। इस दौरान महिलाओं ने रैंप वॉक करते हुए ग्रुप और सोलो डांस में खूब ठुमके लगाए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर दीप्ति वर्मा, केंद्रीय अध्यक्ष सरिता वर्मा, कृषि महाविद्यालय रायपुर प्रोफेसर अन्नू वर्मा और रिट डीएसपी सविता दास उपस्थित होकर महिलाओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा राधा कृष्ण की पूजा अर्चना व समाज के पुरोधा स्वामी आत्मानंद, वल्लभ भाई पटेल, डॉ खूबचंद बघेल के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की गई। इस दौरान नलिनी वर्मा और सीमा वर्मा ने गजरा लगा कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कई मनोरंजक गेम्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी महिलाओं द्वारा किये गए। फ्री हाऊजी गेम में प्रथम सुशीला नायक, द्वितीय अर्चना वर्मा और तृतीय स्थान पर सीमा वर्मा विजेता रहीं।

# जेल तिराहा से मिनिमाता चौक तक बनेगी फोरलेन सड़क, जल्द होगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जेल तिराहा से पुलगांव मिनिमाता चौक तक 4.75 किमी फोरलेन सड़क बनाने शासन से 28 करोड़ 57 लाख की स्वीकृति मिल गई है। इसी प्रकार यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए 12 करोड़ 15 लाख की स्वीकृति मिली है। फोरलेन सड़क बनाने विष्णुदेव साय सरकार की यह पहली स्वीकृति है जिसे विधायक गजेन्द्र यादव पहल से दुर्गवासियों को मिली है। विधायक गजेन्द्र यादव के निरंतर प्रयासों से यह महत्वपूर्ण स्वीकृति मिली है। उन्होंने बताया कि शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित कर आवागमन को सुरक्षित और सुगम बनाना इस परियोजना का प्रमुख उद्देश्य है। पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों के अनुसार स्वीकृति राशि जारी होने के बाद शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

## विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर शासन से मिली 40 करोड़ रुपए की स्वीकृति

### आवागमन को बेहतर बनाने का है प्रयास

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को बेहतर बनाने विधायक गजेन्द्र यादव निरंतर प्रयासरत है। वार्डों में भीतरी गलियों के सीमेंटीकरण के साथ ही प्रमुख सड़क का चौड़ीकरण पर काम किया जा रहा है। जेल तिराहा से महाराजा चौक, महाराजा चौक से मिनिमाता चौक पुलगांव तक सड़क को फोरलेन बनाया जाना है। विधायक गजेन्द्र यादव ने बीते माह पीडब्लूडी एवं सेतु के एसडीओ और इंजिनियर की टीम के साथ पुलगांव नाला के नये पुल, पोटिया चौक पर ब्रिज निर्माण और जेल तिराहा से मिनिमाता चौक पुलगाँव तक हेतु वर्तमान सड़क की चौड़ाई और प्रस्तावित सड़क कितना मीटर तक रहेगा इसका नापजोख कर ले आउट तैयार कर प्रस्ताव भेजे थे जिस पर शासन ने राशि की स्वीकृति प्रदान किये है।



### प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे शहर में विकास कार्य

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की जेल तिराहा से मिनिमाता चौक पुलगांव तक सड़क फोरलेन जाना है। जनता के मांग अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किये जा रहे है। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित कर आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से पुलगांव तक यूटिलिटी शिफ्टिंग हेतु शासन ने राशि की स्वीकृति प्रदान किये है जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और समस्त केबिनेट मंत्रियों का दुर्ग की जनता की ओर से आभार जताये है।

### आयोजन : गंगा मैया मंदिर प्रांगण में हुई साहित्यिक गोष्ठी

# प्रेरणा साहित्य समिति शिक्षा, स्वास्थ्य कला और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रेरणा साहित्य समिति बालोद के 13वें स्थापना दिवस पर गंगा मैया मंदिर प्रांगण में साहित्यिक गोष्ठी हुई। साहित्यकारों ने प्रेरणा साहित्य समिति की स्थापना से लेकर आज तक किए गए विभिन्न कार्यों की चर्चा की। आगामी कार्यक्रम को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रेरणा साहित्य समिति के अध्यक्ष जयकांत पटेल ने कहा कि वेद माता गायत्री के प्रांगण में 2012 को प्रेरणा साहित्य समिति का गठन हुआ था, जिसके अध्यक्ष पुष्कर से ही राज बने थे। जिन संकल्पनाओं को लेकर प्रेरणा साहित्य समिति का गठन किया, उसे मूर्त रूप देने में सभी साहित्यकारों ने अपना तन, मन, धन लगाया। जिसका परिणाम यह हुआ कि पूरे छत्तीसगढ़ में प्रेरणा साहित्य समिति का एक अलग नाम है। प्रेरणा साहित्य समिति के प्रथम अध्यक्ष एवं संरक्षक पुष्कर



सिंह राज ने कहा कि प्रेरणा साहित्य समिति ने साहित्य को एक बंद कमरे से बाहर निकाल कर गांव की चौपाल तक स्थापित किया है। साहित्य को लेकर जनमानस में जागरूकता पैदा की है। समिति के सचिव दानेश्वर सिन्हा ने कहा कि पहले यह सोचना पड़ता था कि साहित्यिक विचारों को आम जनमानस सुनेंगे कि नहीं लेकिन जब हमने ग्राम सिवनी में प्रेरणा साहित्य समिति का आयोजन कराया। डॉ. गंधर्व समिति के उपाध्यक्ष पुसन कुमार साहू ने कहा कि प्रेरणा साहित्य समिति केवल साहित्य के क्षेत्र में नहीं अपितु शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, समाज सेवा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रही है। सचिव डॉ. एसएल गंधर्व ने कहा कि प्रेरणा साहित्य समिति का आयोजन सदैव गौरवपूर्ण होता है। जिसका कारण यह है कि यहां का प्रत्येक सदस्य अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करता है। प्रेरणा साहित्य समिति के संरक्षक संस्कृत आचार्य गोरेलाल शर्मा ने कहा कि प्रेरणा साहित्य समिति हम सभी में ऊर्जा भर देती है। यह बात में बेझिझक कह सकता हूं। धर्मेंद्र कुमार धर्मेंद्र कुमार श्रवण ने कहा कि प्रेरणा साहित्य समिति दिन प्रतिदिन अपने नए–नए आयाम को प्राप्त कर रही है। तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन साहू ने कहा कि मैं प्रेरणा साहित्य समिति के अधिकतर कार्यक्रम में सम्मिलित रहा हूं और मुझे यह महसूस हुआ की प्रेरणा साहित्य समिति जन–जन के मन में बसा हुआ एक नाम है। लोग बड़े सम्मान से प्रेरणा साहित्य समिति का नाम लेते हैं। प्रेरणा साहित्य समिति वास्तव में प्रेरणा देने वाली साहित्यिक संस्था है।

# मुड़खुसरा के पंचायत भवन में सरपंच ने फहराया तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम पंचायत मुड़खुसरा जनपद पंचायत डौंडीलोहारा में स्वतंत्रता दिवस गरिमामय ढंग से मनाया गया। ग्राम पंचायत भवन प्रांगण में सरपंच ईश्वर दयाल चन्द्राकर ने तिरंगा फहराया। उन्होंने राष्ट्रध्वज को सलामी देकर उपस्थित जनसमूह को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

ध्वजारोहण पर उपसरपंच सूर्यकांत भुरकुरिया, सचिव डोमन सिंह पटेल सहित पंचगण और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान पंचों में हुमेश कुमार ठाकुर, सिरमोतिन बाई तारम, किरण माहला, राम्हीन बाई हदगिया, रमतुला बाई, माधुरी भुआर्य, दुर्गेश्वरी घरत, सविता बाई उर्वशा, सुनीता बाई भुआर्य, रोमीन बाई ठाकुर, सुभाष चंद्र घरत, परमेश्वर रावटे और धनेश्वरी बाई भुआर्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे। ध्वजारोहण के बाद सरपंच चन्द्राकर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यह उन वीर शहीदों के त्याग को याद करने का अवसर है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आज़ादी दिलाई। उन्होंने ग्रामवासियों से एकजुट होकर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में सहयोग देने की अपील की। उपसरपंच भुरकुरिया और सचिव डोमन सिंह पटेल ने भी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। ध्वजारोहण समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।

# पंचायत सचिवों को जुलाई माह के वेतन का इंतजार

**गुरूर।** सावन भादो का महीना त्यौहारों का रहता है, जिसमें खर्च अधिक होता है, लेकिन यदि समय पर वेतन नहीं मिले तो उस परिवार के लिए परेशानी खड़ी होती है। वर्तमान में विकासखण्ड के सचिवों के लिए यही स्थिति बन गई है। विकासखण्ड के सचिवों को जुलाई माह का वेतन अब तक नहीं मिला है, जबकि सावन मास के बाद रक्षाबंधन, हलषष्टी, श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार चला गया है। अब चार दिन बाद पोला एवं तीजा जैसे बड़े व छत्तीसगढ़ के बड़े त्यौहार है, ऐसे मे अब भी समय पर वेतन नहीं मिलने से पंचायत सचिवों को जीवन यापन में परेशानी हो रही है। बड़े खर्च उधारी में हो रहे है, लेकिन दैनिक कार्यों के लिए भी सचिवो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील पंचायत सचिव संघ अध्यक्ष पन्ना लाल सिन्हा ने कहा हर माह यही स्थिति रहती है। समय पर वेतन नही आता, इससे पंचायत सचिवो की माली हालत खराब हो गई है। त्यौहारी महीना होने के कारण खर्च की अधिकता है, जिला पंचायत से राशि राशि जारी होने के बाद भी 18 अगस्त तक हमे वेतन नहीं मिला है, अब तक हमारे खाते में राशि नहीं आ पाई है, अधिकारी इसकी जांच कर तत्काल वेतन खातों में डलवाने की व्यवस्था करें। समय पर वेतन नहीं मिलने से सचिव मानसिक यंत्रणा से गुजरते हैं जिससे कार्य भी प्रभावित होता है।

# साइबर क्राइम रोकने निकली जागरुकता रैली, 1930 नंबर की दी जा रही जानकारी

### पुलिस कंट्रोल रुम से झंडी दिखाकर रथ को किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टिवनसिटी से साइबर जागरुकता रथ पुलिस कंट्रोल से निकाली गई। इस दौरान एसएसपी विजय

■ धोखाधड़ी से बचने लोगों को किया जा रहा जागरूक

अग्रवाल ने रथ को झंडा दिखाया। आयोजन एसबीआई और दुर्ग पुलिस का है।

रथ जिले के पांच चिन्हित क्षेत्रों से दुर्ग रेलवे स्टेशन, सुपेला मार्केट, बस स्टैंड दुर्ग, सिविक सेंटर, नेहरू नगर पहुंची। जहां नुक्कड़ नाटक ऑडियो - विजुअल वन और साइबर वार्ताओं के माध्यम से लोगों को ऑनलाइन ठगी,साइबर अपराध की जानकारी दिया।

इन अपराधों से बचने की भी जानकारी दी गई। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, पद्मश्री तंवर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी,प्रबंधक एसबीआई रूपक कुमार मंडल भी मौजूद थे। रथ निकालने का उद्देश्य डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। साइबर अपराधी अपने मंसूबे में सफल नहीं होंने देने रथ निकाल कर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। आयोजन से बड़ी संख्या में जमीनी स्तर पर लोगों को जागरूक किया जा सकेगा। एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइबर जागरूकता रथ के आयोजन की सराहना किया। उन्होंने कहा कि समय में साइबर ठगों द्वारा अलग-अलग तरीको से सायबर अपराधों हो रहा है। जागरूकता के अभाव के कारण ही आम जन सायबर ठगी का शिकार हो रही है। है। मौके पर मुख्य प्रबंधक एसबीआई सेक्टर 1 निशेष कश्यप, मुख्य प्रबंधक देव रंजन मिश्रा समेत पुलिस अधिकारी, कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शरद बैस ने किया।

# फिजूलखर्च रोकने में जुटा देवांगन समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ रिश्ता पक्का करने 30 लोगों के शामिल होने का लिया निर्णय

देवांगन समाज द्वारा फिजूलखर्च रोककर रूढ़िवादी को समाप्त करने का सामाजिक बदलाव लाने कई नियम लागू कर पहल की जा रही है। जिलाध्यक्ष दीपक देवांगन ने बताया कि समाज में मृत्यु भोज ऐच्छिक है। पहले शादी के लिए लड़की देखने के लिए लड़का पक्ष से लोग जाते थे। रिश्ता पसंद आने के बाद फाइनल करने लड़की पक्ष से 100 से ज्यादा लोग लड़का के घर पहुंचते थे। जिसके बाद रिश्ता तय होने के बाद मुर्गा–दारू पार्टी होती थी। जिस पर अब प्रतिबंध लगा चुका हैं।

रिश्ता पसंद आने के बाद फाइनल करने लड़की पक्ष से पहले 100 से ज्यादा लोग पहुंचते थे, इसकी सीमा को घटाकर 20–30 की गई है, ताकि फिजूलखर्च न हो। सामाजिक कुरीतियों को चरणवार कम करने योजना बनी है। सामाजिक स्तर पर इसके लिए सभी की सहमति से निर्णय ले रहे हैं। आदर्श विवाह पर फोकस किया जा रहा है ताकि परिवार को आर्थिक संकट से न जूझना पड़ें। लोगों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने पहल हो रहा है। हमारा प्रयास है कि शादी के पहले सगाई अनिवार्य है। शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर कई क्षेत्र में सामाजिक स्तर ऊंचा उठाने प्रयास हो रहा है। समाज के बारे में फिजूलखर्च रोकना और रूढ़िवादी को समाप्त करना, सामाजिक हित में नियम बनाकर लागू करना, समाज का फोकस महिलाओं को अधिकार, सामाजिक लोगों को रोजगार देना और भेदभाव को दूर करना समाज से महिलाओं को अधिकार, सामाजिक लोगों को रोजगार देना और भेदभाव को दूर करना है।

उन्होंने कहा हाथकरघा बुनकर समिति के माध्यम से देवांगन समाज के अलावा दूसरे समाज के लोगों को भी रोजगार मिल रहा है। स्वालंबी बनाना मुख्य उद्देश्य है। घर में काम करके लोगों को अच्छी आमदनी हो रही है। समाज में पहले ऊंच नीच का भेदभाव होता था। अब बिना भेदभाव सामाजिक एकता पर फोकस कर रहे हैं। हर साल युवक–युवती परिचय सम्मेलन होता है। सामाजिक स्तर पर विवाह को बढ़ावा दे रहे हैं। अगर कोई अंतरजातीय विवाह करता है तो इसके लिए सामाजिक स्तर पर प्रावधान है।

# प्राथमिक और मिडिल स्कूल में मना स्वतंत्रा दिवस




**डौंडीलोहारा ।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला परसाडीह (ज) में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। ध्वजारोहण सेवानिवृत्त प्रधान पाठक बलदाऊ सिंह बेलचंदन के करकमलों से किया गया। उनके हाथों तिरंगा फहरते ही उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति का जज्बा प्रकट किया। इस अवसर पर सरपंच गिरवर कोकिला, पूर्व जनपद सदस्य गनेशु राम प्रधान, मा. शाला के प्रधान पाठक श्री भुआर्य, प्रा. शाला के शिक्षकगण सोनी, वैष्णव प्रजापति और तिवारी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों की भी विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने बच्चों के उत्साहवर्धन में सहभागिता निभाई।ध्वजारोहण के बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविताएं और नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भावविभोर कर दिया। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत कर उन्हें स्वतंत्रता दिवस के महत्व से जुड़े विचार रखने का अवसर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि आजादी के पावन पर्व पर हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण के साथ हुआ। विद्यालय परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव का यह आयोजन विद्यार्थियों व ग्रामीणों के लिए यादगार बन गया।

# बीएसपी साइकिल क्लब ने निकाली साइकिल रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्वतंत्रता दिवस पर बीएसपी साइक्लिंग क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग और बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के तत्वावधान मे साइकिल रैली का आयोजन निकली। 75 बच्चों के साथ आयोजन संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। साइकिलिंग की। साइकिल रैली स्वामी विवेकानंद जन सेवा केन्द्र, सेक्टर-10 से शुरु होकर मिराज सिनेमा होते हुए प्रगति भवन सिविक सेंटर में समाप्त हुई। साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष एवं ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने बताया कि यह सायकल रैली भारत को स्वतंत्रता दिलाने वाले सेनानियों एवं शहीद जवानों के याद में आयोजित किया गया है।

## पेज 11 के शेष

### खैरबना-कांदुल मार्ग निर्माण ...

नहीं हुआ, यहां के स्थानीय विधायक को भी ग्रामीणों से कोई मतलब नहीं है, सिर्फ अपना ही विकास कर रहे हैं। प्रदेश में आज भाजपा की सरकार है, क्षेत्र में एक रुपए का विकास कार्य नहीं हो रहा है, आजादी के बाद से ग्रामीण इस मार्ग को बनवाने आवेदन देते थक चुके हैं, अगर जल्द ही यह मार्ग नहीं बना तो आने वाले दिनों में आप पार्टी द्वारा ग्रामीणों के साथ आगे की लड़ाई लड़ी जाएगी।

### खाद के लिए गुजरा समिति ...

गया और उन्होंने लगभग चार घंटे तक प्रदर्शन किया। **किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी:** किसान संघ सेवा सहकारी समिति गुजरा ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 20 अगस्त तक सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में यूरिया और डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होती है, तो वे 21 अगस्त को सुबह 10 बजे सोसायटी में तालाबंदी कर गुजरा बस स्टैंड के मुख्य मार्ग पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौंडी और बालोद थाना प्रभारी को ज्ञापन भी सौंपा है। किसानों के प्रदर्शन की खबर मिलते ही बालोद थाने से पुलिस बल मौके पर पहुंचा और किसानों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि, किसानों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस के अलावा कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनकी समस्या सुनने नहीं आया। गुजरा सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष हितेश साहू ने बताया कि वे किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के लिए जिला अधिकारियों से मिलेंगे। इस मौके पर नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य, चित्रकांत ठाकुर सरपंच, ग्राम पंचायत भैंसबोड़, देवेंद्र सिंद्रामे पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ डौंडी सहित परस भुआर्य, घनाराम ठाकुर, तुलाराम कोसमा, सेतकुमार रावते, अमित कुमार बढ़ई और कई अन्य किसान मौजूद थे।

### बिजली कर्मचारी से ...

बिरेन्द्र बघेल, किर्तेश्वर सिन्हा, लोकेश्वर यादव, रोशन साहू एवं अन्य ग्रामीण बिजली ऑफिस में ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारियों को हमारे गांव की बिजली तीन दिनों से बंद है, अर्जुन्दा की बिजली कैसे चालु है, कहते हुए गाली गलौच करते हुए ऑफिस के अन्दर घुसकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए पुरूषोत्तम साहू का कालर पकड़कर खिंचते हुए बाहर निकालकर मारपीट करने के बाद ऑफिस के बाहर रखे कुछ ट्रासफार्मर को तोड़ फोड़कर कर नुकसान पहुंचाने के बाद बिजली ऑफिस के सामने मेन रोड में सभी लोगों ने मिलकर आने–जाने वाले राहगिरों एवं वाहनों को रोककर आवागमन को अवरूद्ध कर दिये। जिससे आने–जाने वाले लोगों को परेशानी हुई। ग्राम कांदुल के ग्रामीणों द्वारा पुरूषोत्तम साहू को मारपीट करने से हाथ, गाल में चोट लगी है।

### बाइक और बाइक ..

का चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुए गलत साईड से लाकर मेरी कार को सामने से ठोकर मार दिया, जिससे मेरी कार के दाहिने तरफ हेडलाइट, बोनट, नेम प्लेट, बंफर और सामने का कांच क्षतिग्रस्त हुआ है और सामने का कांच टूटने से कांच का टूकडा टूटकर मेरे बाएं तरफ कान के उपर सिर में आकर लगा, वहीं बाएं तरफ कंधे में जर्क होने से दर्द हो रहा है। मोटर सायकिल चालक गिर गया, जिससे उसे भी चोट लगी है।

### नगर में नेत्र जांच केंद्र ...

उदघाटन समाजसेवी निकेश बरडिया एवं कोषाध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स रायपुर के मुख्य आतिथ्य में तथा प्रदेश महामंत्री भाजपा यशवंत जैन की अध्यक्षता में किया जाएगा। इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, समाजसेवी एवं संरक्षक उदयाचल चेरिटेबल ट्रस्ट राजनांदगांव उत्तमचंद जैन, अध्यक्ष नगर पालिका गुण्डरदेही प्रमोद एव जैन श्रीसंघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन उपस्थित रहेंगे। जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला एवं सचिव मांगीलाल ढेलड़िया ने संस्था उदयाचल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा क्षेत्र को मोतियाबिंद मुक्त बनाने में यह परीक्षण केन्द्र मील का पत्थर साबित होगा।

# उरला में मना कोसरिया अहीर यादव समाज का स्थापना दिवस



**दुर्ग।** उरला में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज ने अपना 75वां स्थापना दिवस मनाया। यादव प्रमुखों के साथ दुर्ग महापौर अल्का बाघमार ने अहीरानियों के साथ राऊत नृत्य कर गोठान में कदम वृक्ष का रोपण किया। विधि विधान से जगतगुरु भगवान कृष्ण की आदम कद प्रतिमा की पूजा की। यादव समाज की मांग पर स्व. राधा बाई यादव के नाम पर धमधा नाका एफसीआई गोदाम के पास तीजहारिन चौक और आदमकद प्रतिमा स्थापित की घोषणा की गई। आयोजित कार्यक्रम में समाज के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष यादव, उपाध्यक्ष विष्णु यादव, गहिरा गुरु राजेश यादव, चंद्रहास यादव यादव, विजय यादव, पवन यादव, ललित यादव, नारायण यादव, मनीष यादव, गोविंदा यादव, नारायण यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### आश्रम में वृद्धजनों से मिले एसडीएम

**बालोद।** एसडीएम गुरूर रामकुमार सोनकर जिला कार्यालय के समीप आदमाबाद स्थित वृद्धा आश्रम में रह रहे गुरूर विकासखण्ड के वृद्धजनों का हाल–चाल जानने वृद्धाश्रम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों से आत्मीय बात कर उनका हाल–चाल जाना। इसके अलावा सोनकर ने वृद्धजनों से वृद्धाश्रम में मिलने वाले समय पर भोजन, नाश्ता, इलाज, मनोरंजन, साफ–सफाई, उनका समुचित देख–रेख आदि सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। एसडीएम सोनकर के सहज एवं आत्मीय बातचीत व्यवहार से वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्ग प्रसन्नचित नजर आये। मौके पर उपस्थित एक बुजुर्ग ने कहा कि जब कोई उनसे मिलने आते हैं तो मन में खुशी की लहर दौड़ जाती है। इस दौरान सोनकर ने वृद्धजनों को बेहतर सुविधा एवं अनुकूल परिवेश की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंध में प्रबंधन के लोगों से चर्चा भी की।

### आटीआई में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शुरू



**बालोद।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौंडीलोहारा में दो दिवसीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की शुरूआत हुई। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डलोहारा के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 'नव कौशल पथ, नई राह नया हुनर' की थीम पर आधारित है। उन्होंने बताया कि संस्था में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठानों के प्रमुख उपस्थित हुए, जिसमें आर. पी. देवांगन सहायक महाप्रबंधक, कुशल ठाकुर अधिकारी निको माइनिंग कंपनी गिधाली तथा योगेश्वर सहारे मैनेजर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डौंडीलोहारा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य आर कुर्रे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक जीआर. ठाकुर एवं समस्त कर्मचारियों सहित प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

### ब्रम्हाकुमारी विवि ने चलाया नशामुक्ति अभियान



**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा ने नशा मुक्त भारत अभियान चलाया। इसके तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पाररास, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, बुनियादी शाला बालोद, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आमापारा, गुरुकुल उमावि, लाटाबोड़, बघमरा, शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बालोद में ब्रह्माकुमारी बहनों ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को नशे से मुक्त होने के लिए प्रतिज्ञा दिलाई। उन्होंने बताया कि नशे के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद, नैतिक पतन, शारीरिक मानसिक एवं चारित्रिक बीमारियां बढ़ती जा रही है, इसलिए ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आमजन में जागृति लाने के लिए नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है।

### मर्चेंट नेवी में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

**भिलाई।** मर्चेंट नेवी में नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि सडक नंबर 10 जोन-3 वार्ड निवासी 48 खुर्सीपार मो. मोनुद्दीन ने अपने बेटा शाहबाद अहमद को नौकरी लगवाने के नाम पर मुम्बई निवासी नदीम फेजल उर्फ मोह. अनसारी को 1.50 लाख रूपये खाते में ट्रांसफर किया था। शहबाज बनारस से नेवी का कोर्स किया हैं, वर्तमान में मुम्बई में रहता है।

## आयोजन : बच्चों में विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# नगर में हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





संजयनगर स्थित बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें उपस्थित अतिथियों द्वारा भारत माता, महात्मा गांधी, बाबा साहब अंबेडकर, वीर शहीद नारद राम निषाद और किरण कुमार देशमुख ने तिरंगे झंडे की पूजा की।

मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष लीलेंद्र कुमार सिन्हा, अध्यक्षता संस्था प्रमुख लूनकरण ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीषा यादव अध्यक्ष शाला विकास समिति बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय, रेखराम साहू सदस्य सीएमडीसी, कमल कुमार आलेंद्र प्रधानपाठक बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय, शाला विकास और प्रबंधन समिति के सदस्य व विद्यालय के पालकगण थे। सर्वप्रथम तिरंगा झंडा के आरोहण के बाद उपस्थित अतिथियों का तिलक वंदन किया गया।

स्वागत भाषण में संस्था प्रमुख द्वारा अतिथियों के उपस्थिति पर स्वागत करते हुए उन्होंने विद्यालय के पूर्व छात्र शहीद आरक्षक किरण कुमार देशमुख और शहीद सहायक प्लाटून कमांडर नारद राम निषाद के जीवन परिचय में प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश की सुरक्षा में नक्सलियों से लोहा लेते हुए दिए गए बलिदान को याद किया गया। व्यायाम निदेशक सौरभ शर्मा, शिक्षक लोकेश्वर निषाद व सभी विद्यालयीन शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा प्रभातफेरी के साथ नगर के प्रमुख चौक जैसे बस स्टैंड, कांग्रेस भवन, राजाबाड़ा, विवेकानंद चौक आदि में तिरंगे झंडे का आरोहण किया गया। बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर में नयनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर के प्रथम नागरिक लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, तहसीलदार, विकासखंड शिक्षाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम, रामसहाय देशमुख, दुकालूराम साहू, वीरेंद्र कुमार भंडारी, संगीता वैदे,छाया नंदा, अविनाश कुमार साहू, एनुका शार्वा, रवींद्रनाथ योगी, डुप्ले साहू, तेजेश्वरी साहू, लवण साहू, भूपेंद्र पटेल, हेमपुष्पा नाईक , राकेश कोठारी, वीरेंद्र कुमार नायक ,हेमंत साहू, सूर्योदय मानिकपुरी, कपिल पटेल आदि उपस्थित थे।

### किल्लकोड़ा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



**डौंडीलोहारा ।** वनांचल के किल्लेकोड़ा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बारिश के कारण कुछ बाधाओं के बाद भी संस्था प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों ने पूरे उत्साह के साथ ध्वजारोहण संपन्न किया। हायर सेकंडरी में प्राचार्य अजय मुखर्जी, पूर्व माध्यमिक शाला में एन.आर. शिवना तथा प्राथमिक शाला में अनीता मेश्राम ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार चौपाल चौक में छन्नूलाल भंडारी और महात्मा गांधी चौक में निर्भय भंडारी, राजाराम तारम एवं वीरेंद्र कुल्हार्य ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिरंगा फहराया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में श्रीमती दुर्गा यादव व साहू मैडम तथा ग्राम पंचायत भवन में सरपंच हेमलता विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात हायर सेकंडरी स्कूल के सभागार में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने की और मुख्य अतिथि सरपंच हेमलता विश्वकर्मा थीं। विशिष्ट अतिथियों में निर्भय भंडारी, वीरेंद्र कुल्हार्य, अधन सिन्हा, किरण कुल्हार्य, गीता देवी, रामेश्वरी देवी सहित अनेक गणमान्य गण उपस्थित रहे। प्राचार्य अजय मुखर्जी ने शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य हेतु कलम भेंट की। कक्षा 10वीं में 87 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा मीनाक्षी को वरिष्ठ व्याख्याता वायएस मरकाम ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर निर्भय भंडारी ने विद्यालय के बेहतर परिणामों की सराहना करते हुए पालकों को बैठकों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने अपने उद्बोधन में शहीदों को नमन करते हुए घोषणा की कि 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को 5000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। वहीं सरपंच हेमलता विश्वकर्मा ने विद्यालय की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बीएल साहसी ने किया और आभार प्रदर्शन व्याख्याता मरकाम ने किया।

### नगर के अटल चौक में हुआ ध्वजारोहण

**डौंडीलोहारा।** नगर के काली मंदिर समीप अटल चौक, मुख्य मार्ग पर राष्ट्रगान समिति डौंडीलोहारा के तत्वावधान में 79 वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी थी।उनके द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपादित किया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रगान समिति का गठन 2018 में, देशभक्ति की अलख जगाने के लिए किया गया था। तब से लेकर आज तक इस स्थल में यादगार स्वरूप विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होता रहा है। जिनमें मुख्य भूमिका राष्ट्रगान समिति के पदाधिकारीयों वह सदस्यों का रहा है। इस अवसर पर दीदी ने ध्वजारोहण को सलामी देते हुए कहा कि मैं उन समस्त वीरों को नमन करती हूं, जिन्होंने अपनी कुर्बानी देकर देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपना कोई कसर नहीं छोड़ी। इस अवसर पर धर्मेंद्र निषाद ने कहा राष्ट्रीय चेतना के जागरण में आप सबकी सहयोग की अपेक्षा करता हूं। इस लाल नवेंद्र सिंह टेकाम अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडी लोहारा ने कहा कि हम सब लोग आजादी की लड़ाई की 79 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं, निश्चित रूप से हमारे उन वीर जवानों को जिन्होंने अपना पूरा योगदान इस देश को स्वतंत्र कराने में दिये है। प्यारेलाल निषाद द्वारा इस कार्यक्रम हमेशा की तरह बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। उक्त कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए अपनी महती भूमिका अदा की, आप सब लोगों ने अपना कीमती समय निकालकर यहां तक पहुंचे और देशभक्ति की अलख जागने के साथ-साथ स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर सूर्य कला ठाकुर पार्षद, जूही भंसाली पार्षद, राजेंद्र निषाद पार्षद, महेंद्र जायसवाल, जितेंद्र कुमार यादव, दीनू यादव, पलाश गुप्ता, गैंदू भंसाली, भगवानी निषाद, धीरज जैन, धर्मेंद्र निषाद, प्यारेलाल निषाद, मोती, नमन निषाद सहित अनेक नागरिकगण उपस्थित थे।

# जिले में डिजिटल फसल सर्वेक्षण का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ जुंगेरा में फसल सर्वेक्षण का अवलोकन किया






राज्य शासन के निर्देशानुसार बालोद जिले में एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सोमवार को आला अधिकारियों के साथ बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा में किसान फिरूराम के खेत में पहुंचकर सर्वेयर एवं राजस्व विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को डिजिटल फसल सर्वेक्षण के कार्य को निर्धारित समयावधि में त्रुटिरहित ढंग से पूरा कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सर्वेयर के द्वारा मोबाइल एप्प के माध्यम से किए जा रहे डिजिटल फसल सर्वेक्षण के कार्य का गहनता के साथ अवलोकन कर इसके संबंध में आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के संबंध में जानकारियां भी दी।

कलेक्टर ने कहा कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण के माध्यम से अब किसानों द्वारा खेत में बोए जाने वाली फसलों एवं क्षेत्रफल की वास्तविक जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत सर्वेयर द्वारा संबंधित खसरा नंबर में जाकर डिजिटल क्रॉप सर्वे एप्प के माध्यम से संबंधित खेत का तीन फोटो खीचकर इसकी प्रविष्टि की जाएगी। इससे फसल के रकबे को कम या अधिक लिखे जाने की संभावना समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को बहुत जरूरी लाभ प्राप्त हो सकेगा। इनमें किसानों को कृषि उपज बेचने के लिए अब अपने दस्तावेजों का बार–बार सत्यापन कराने से मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही फसल से जुड़ी सारी अहम जानकारी भी किसानों को एक जगह मिल जाएगी। इससे किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचना आसान हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि सर्वेयर द्वारा डिजिटल सर्वेक्षण कार्य के उपरांत पटवारी द्वारा इसका सत्यापन भी किया जाएगा।

# शहर में तैयार होने लगे गणेश पंडाल

■ बाजार में पहुंची भगवान गणेश की प्रतिमाएं



**बालोद।** जिले में भगवान गणेश का आगमन एक सप्ताह के बाद हो जाएगा, इसकी तैयारी में छोटे से बड़े गणेश समिति जुटी हुई है। बाजारों में गणेशजी की प्रतिमा देखने को मिलने लगी है।

मूर्तिकारों द्वारा भगवान गणेश की मूर्ति को आकार देने के साथ समितियों द्वारा बैठक का आयोजन कर भगवान गणेश के स्वागत व उन्हें विराजमान करने के लिए पंडाल की तैयारियां प्रारंभ कर चुके हैं। ग्राम नेवारीकला निवासी मूर्तिकार दानीराम सोनकर ने बताया कि वे दो माह पहले से ही भगवान गणेश की प्रतिमा को आकार देने का काम प्रारंभ कर देते हैं, ताकि भगवान गणेश की मूर्तियों को विभिन्न आकार देते हुए मूर्ति को मनमोहक रूप दिया जा सके और उन्हें सजाने के लिए रंगों व अन्य सामग्रियों का सही तरीके से उपयोग किया जा सके। वर्तमान में भगवान गणेश के आगमन के करीब 10 दिन पहले ही बाजार में भगवान गणेश की बनाई गई मूर्तियों को ग्राम नेवारीकला से जिला मुख्यालय लाकर विक्रय कर रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि इस बढ़ती महंगाई के समय मे अब भगवान गणेश की प्रतिमा 500 से प्रारंभ हो रही है और साईज व सजावट के हिसाब से भगवान गणेश जी की मूर्तियों को विक्रय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मूर्ति बनाने में लगाये गए मेहनत के साथ रंग व सजावटी सामानों के मूल्यों में हुई वृद्धि के कारण वर्तमान में प्रतिमा के मूल्य बढ़ गए हैं। वहीं भगवान गणेश के स्वागत व प्रतिमा स्थापना के लिए समितियां जुटी हुई है, जिसके तहत समितियों द्वारा एक माह पहले से ही बैठकों का आयोजन प्रारंभ कर दिया गया है, इसके बाद वर्तमान में समितियों द्वारा पंडाल के सजावट के काम में लगे हैं। जहां हर समिति अपने पंडाल को आकर्षक व सबसे हटकर बनाना चाह रही है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि से जिले के 3350 किसान लाभान्वित



**बालोद।** मौसम रबी वर्ष 2024–25 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा की क्लेम राशि 11 अगस्त को किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई।

कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से राजस्थान के झूनझूनू जिले से राष्ट्रव्यापी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्रणाली से बालोद जिले के 3350 किसानों के खाते में 5.12 करोड़ रूपये की राशि का अंतरण किया गया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकासखण्डों में वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में जिले के कृषकगण शामिल हुए। कृषि विभाग के उप संचालक द्वारा जिले के सभी ऋणी एवं अऋणी किसानों से मौसम खरीफ वर्ष 2025 में बोये गये अधिसूचित फसलों का अधिक से अधिक रकबे का बीमा कराकर इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अपील की गई है।

# मोखला मांझी मंदिर का नामकरण अब बाल संस्कार केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





शहर के मोखला मांझी मंदिर में बदलते परिवेश में छोटे-छोटे बच्चों को संस्कारित शिक्षा देने के उद्देश्य से बाल संस्कार केंद्र का नामकरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री सीता राम बाल संस्कार केंद्र के बैनर में ओम और स्वास्तिक बनाकर नामकरण किया गया, जिसमें केंद्र का नाम श्रीसीता राम बाल संस्कार केंद्र रखा गया। संस्कारशाला में आए बच्चों ने कृष्ण जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण के मधुर भक्ति गीतों पर सुन्दर नृत्य किया, राम स्तुति सुनाई, भजन प्रस्तुत किया और बाल संस्कार केंद्र आने के बाद मिल रहे संस्कारी शिक्षा से लाभ बताया। आयोजित कार्यक्रम में बच्चे राधा कृष्ण बनकर आये थे। बच्चों को कृष्ण जन्माष्टमी की कथा और भगवान कृष्ण से जुड़ी कथा सुनायी गयी। शहर में विगत दो वर्षों से केंद्र चल रहा है। विश्व हिंदू परिषद की जिला बाल संस्कार प्रमुख पूजा जैन के संचालन में इस केंद्र को मोखला मांझी मंदिर समिति की मानस मंडली गंगा मैया मानस मंडली, बाल मंदिर की अध्यापिका रानी योगी का और समाज सेविका प्रेमलता का सहयोग प्राप्त होता है। बच्चों को आरती पुस्तक पेंसिल पेन खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इसके पूर्व गीता पुस्तक का वितरण किया गया था, कार्यक्रम में पूजा जैन, ममता यदु, रानी योगी, प्रेमलता दीदी, कलिन यादव, चमेली, सरोज दीदी, सोनकली पटेल दीदी सहित शहर के अन्य महिला बहने आयोजन में उपस्थित रही। बाल संस्कार केंद्र के नामकरण कार्यक्रम के अतिथि वरिष्ठ समाज सेविका, श्यामकली तिवारी का सम्मान किया गया। अतिथि ने बच्चों से कहा की रोज गायत्री मंत्र का जाप करे, अपने माता पिता की आज्ञा का अनुसरण करे और हफ्ते में एक दिन लगने वाले बाल संस्कार केंद्र में अवश्य शामिल होवें।

# स्कूल की छत गिरने से 6 मजदूर मलबे में दबे



**बालोद।** विकासखण्ड गुण्डरदेही क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम राहुद में जर्जर स्कूल की मरम्मत कर रहे 6 मजदूर छत गिरने से उसमें दबकर घायल हो गए। इसके बाद घायल मजदूरों को अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम राहुद के पूर्व माध्यमिक शाला के जर्जर भवन की मरम्मत के लिए मजदूरों द्वारा तोड़-फोड़ की जा रही थी, तभी अचानक छत गिर गई, जिससे वहां काम कर रहे मजदूर दब गए। इसके बाद आस पास के लोगों द्वारा तुरंत सहायता प्रदान करते हुए मजदूरों को बाहर निकालने का काम किया गया। जहां घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने मजदूरों को बाहर निकालने के बाद 108 की मदद से तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इस घटना में तीन की हालत सामान्य होने से उन्हें अस्पताल में रखा गया व तीन अन्य की स्थिति गंभीर होने से उन्हें रेफर कर दिया गया। वहीं यह दुर्घटना कैसे हुई यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

## काउंसिलिंग में 845 नव पदोन्नत प्राचार्य होंगे शामिल

# पदोन्नत प्राचार्यों की पदांकन काउंसिलिंग कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राचार्य (टी–संवर्ग) के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन हेतु ओपन काउंसिलिंग का आयोजन 20 से 23 अगस्त तक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर रायपुर में किया जाएगा। इस काउंसिलिंग में कुल 845 नव पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे। काउंसिलिंग का समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से निर्धारित है। प्रत्येक दिन प्रथम पाली में 150 और द्वितीय पाली में 150 इस प्रकार प्रत्येक दिन कुल 300 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग की तिथि एवं समय की जानकारी पदोन्नत प्राचार्यों की सूची तथा रिक्त पदों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की पर उपलब्ध कराई गई है।

काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्राथमिकता का निर्धारण वरिष्ठता और नियमावली के अनुसार किया जाएगा। व्याख्याता, व्याख्याता एलबी, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पदोन्नति आदेश के लिए काउंसिलिंग हेतु प्राथमिकता निर्धारण (प्रथम चार का क्रम निर्धारण) व्याख्याता, व्याख्याता (एलबी), प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला की वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति आदेश के सरल क्रमांक के अनुसार एक अनुपातिक सूची (व्याख्याता, व्याख्याता (एलबी) प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) 2:1:1 में तैयार की गई है।

उपरोक्त अनुपात भर्ती तथा पदोन्नति नियम के अनुसार व्याख्याता 65 प्रतिशत (व्याख्याता 70 प्रतिशत तथा व्याख्याता एल.बी. का कोटा 30 प्रतिशत है) जबकि प्रधान पाठक (मा.शाला) 25 प्रतिशत के आधार पर निर्धारित है।

### सात दिनों में पद ग्रहण करना होगा

सर्वप्रथम एक वर्ष से कम अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी., प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला को वरिष्ठता के आधार पर संस्था चयन हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। काउंसिलिंग प्रक्रिया में दिव्यांग (महिला एवं पुरुष) को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। तत्पश्चात महिला तथा इसके बाद पुरूष वर्ग को वरिष्ठता के क्रम में संस्था चयन हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। सभी पदोन्नत प्राचार्यों को अपने वर्तमान संस्था प्रमुख से प्रमाणित सेवा प्रमाण पत्र, मूल पदस्थापना संबंधी जानकारी तथा शासन द्वारा मान्य फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। दिव्यांग अभ्यर्थियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। काउंसिलिंग हेतु वेटिंग हॉल सेमिनार कक्ष क्रमांक 01 एवं काउंसिलिंग कक्ष क्रमांक 02 निर्धारित किए गए हैं। दोनों कक्षों में केवल अभ्यर्थियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहने वाले प्राचार्यों को अंतिम दिन 23 अगस्त को अवसर दिया जाएगा। काउंसिलिंग पूर्ण होने के बाद पदस्थापना आदेश शासन द्वारा जारी किए जाएंगे तथा आदेश जारी होने के 7 दिवस के भीतर नवीन पदस्थापना स्थल पर पदग्रहण करना अनिवार्य होगा।



## खबर संक्षेप

### भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया का सोमवार को गुण्डरदेही आगमन हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर जिला कार्यकारिणी सदस्य सौरभ चोपड़ा, सतीश महोबिया, राजा सोनकर, नमन जैन, कमल तातेड़, दीपक मिश्रा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा सरकार ने गौठान के बदले गोधाम खोलने में दो साल लगा दिया

**अंडा।** उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख ने कहा कि भाजपा सरकार गोठान के बदले



गोधाम खोलने जा रही है। सिर्फ नाम बदलकर नई बोतल में पुरानी शराब भरने में भाजपा सरकार ने दो साल लगा दिया। गोठान शब्द हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति में स्थापित गांव की गौरवशाली पारंपरिक नाम था। छत्तीसगढ़ में गोधाम शब्द का कही भी प्रयोग नहीं होता। ये लोग छत्तीसगढ़ के संस्कृति के विरोधी है। इन्हें छ.ग. की संस्कृति से सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि गोठान नाम से भाजपा सरकार को इतनी नफरत है तो 2 साल का समय नाम बदलने में क्यों लगा दिये, जो व्यवस्था कांग्रेस शासन काल में सुचारू रूप से संचालित हो रहा था। उसे लगातार जारी न रखकर वर्तमान की भाजपा सरकार ने उसे लावारिस हालत में छोड़ दिया। कांग्रेस शासन के 5 साल में सरकारी कोष से करोड़ों रूपया खर्च कर अनेको गौठान गांव-गांव में बनाया गया जो आत्म निर्भर हो गया था। दो साल तक भाजपा सरकार द्वारा गौठानों की अनदेखी के कारण अनेक गोठान बर्बाद हो गया है। प्रदेश में सैकड़ों की संख्या में गोवंश वाहनों से कुचल कर मर रहे हैं। किसानों की लाखों की फसल बर्बाद हो रही है। आज हजारों की संख्या में दुघर्टना भूख, प्यास से मौत होने पर भाजपा सरकार की गोरक्षा करने की भावना, शासन में आने के दो साल बाद जागी है।

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक कल होगी

**बालोद।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 20 अगस्त को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने कहा है।

### ऑपरेशन सुरक्षा को लेकर 201 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा के तहत अभियान चलाकर शहर के विभिन्न मार्गों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। ट्रैफिक पुलिस के नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई कर 201 चालान बनाए गए। शराब पीकर वाहन चलाने पर 2 चालको, मॉडिफाइड साइलेंसर उपयोग करने पर एक वाहन पर कार्रवाई की गई। मोडिफाई साइलेंसर का 5 हजार का चालान किया। अभियान के दौरान कुल 62 हजार 400 रुपए समन शुल्क वसूला गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज





### कृष्ण जन्माष्टमी पर हुए विभिन्न कार्यक्रम



**बालोद।** ग्राम तमोरा में कृष्ण जन्माष्टमी पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। सुबह पहले भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर महिलाओं द्वारा पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली गई, जहां कलश यात्रा निकालने के बाद ग्राम में बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण व राधा के वेशभूशा में गली भ्रमण व कार्यक्रम स्थल आकर्षण का केन्द्र रहा। वहीं दही लूट के दौरान लोगों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा धारण किए बच्चों को अपने कंधे में उठाकर मटकी फोड़ते नजर आए और कृष्ण भक्ति की धून में नाचते गाते दिखे। इस दौरान आखाड़ा का प्रदर्शन किया गया।

### पर्व : पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे श्रद्धालु नाचते-गाते बाजे-गाजे के साथ शोत्रायात्रा निकाली

# कृष्ण जन्माष्टमी पर नगर में हुआ रामायण पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

नगर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विदित हो कि यहां पं. रविकांत शर्मा द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापित की जाती है और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है।

इस अवसर पर रात में रामायण पाठ का आयोजन हुआ और नन्हें-मुन्नें बच्चों ने कृष्ण भक्ति के गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। रात ठीक 12 बजे कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें कारावास में जन्मे पालनहार और माखनचोर के जन्म की खुशियां मनाई गईं। अगले दिन, हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद, एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे श्रद्धालु नाचते-गाते हुए डीजे और बाजे-गाजे के साथ निकले। यह शोभायात्रा बाजार चौक से शुरू होकर मथाई चौक, दुर्गा चौक और बस स्टैंड होते हुए वापस बाजार चौक से आमाडारपारा के घाट तक पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के बाद मूर्ति का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा के दौरान, नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने कृष्णजी की पूजा-अर्चना की और उनका आशीर्वाद लिया। इस खास मौके पर, समाज के संरक्षक सहदेव, किशोर, हिंसा, सन्तु, जगदीश, अध्यक्ष भावेश, सचिव छन्नू, संदेश वाहक गौकरण, दीपक, दिनेश और महिला वर्ग से बीमला, मीना, राजेशवरी, कविता, चैती, कंचन सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### राम सप्ताह में सीता हरण को मिला प्रथम स्थान

**बालोद।** नगर के पांडे पारा में कृष्ण जन्माष्टमी पर राम सप्ताह का आयोजन मोहल्ले के युवाओं ने किया। इसमें कुल 13 मंडलियों ने भाग लिया, जिसमें जय मां संतोषी रामधूनी मंडली कोबा ने कृष्ण जन्म की कथा सुनाया। धमतरी बोडरा सीता हरण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, धमतरी उड़ेंना झिरिया शबरी प्रसंग द्वितीय, राजनादगांव बोईरडीह बाली उद्धार तृतीय, रानी तराई पाटन नारी चरित्र चतुर्थ, धमतरी गिरोधा सती सुलोचना की कथा पंचम, डॉनदी लोहारा सिरपुर सीता हरण का मार्मिक प्रसंग दिखाया। निर्णायक में दुष्यंत नाथ योगी, देवघर साहू रहे, मंच संचालन अर्जुन्दा लोक कला मंच के हास्य कलाकार घेवर चंद यादव ने लोगों को हंसाया। शेष नारायण दुबे दंतेश्वरी मंदिर समिति के सदस्य, जवाहर पारा पांडेपारा और खाल्हेपारा के लोगों ने सहयोग किया। वार्ड पार्षदों और नयापारा के पूर्व पार्षद भी शामिल रहे। प्रारंभ में जय कुमार साहू के रामायण मंडली ने हनुमान चालीसा और भक्तिगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम विमल और राजेश साहू की टीम द्वारा कराया गया।





### कृष्ण जन्माष्टमी में शामिल हुईं विधायक अनिला, रंगमंच का किया लोकार्पण

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम अरजपुरी में विधायक अनिला भेड़िया द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर रंगमंच का लोकार्पण किया गया। इसमें सरपंच संतोषी बाई ठाकुर, अनिल लोढ़ा प्रदेश प्रतिनिधि, गोपाल प्रजापति ब्लॉक अध्यक्ष, राजाराम तारम जिला सदस्य, गोविंद चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, गणेश रात्रे जोन अध्यक्ष, दिलीप बघेल सेक्टर प्रभारी, फूलचंद भुआर्य, दिनेश गुप्ता, प्रमोद चौहान ग्राम पटेल, झाड़ू राम खरे, दरबारी राम भूआर्य, कवलबन गोस्वामी, प्रेमलाल रावटे, महिला कमांडो व बाल गोपाल कृष्ण उत्सव समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### गंजईडीह में मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक अंतर्गत खरखरा जलाशय समीपस्थ ग्राम गंजईडीह में इस वर्ष भी श्रीकृष्णा जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ यादव समाज द्वारा मनायी गई। श्री कृष्ण की मूर्ति स्थापना से लेकर भगवान की पालकी सजाकर शोभा यात्रा बहुत ही रोचक रही। कोसरिया यादव समाज के राऊत समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव रूपराम यादव की अगुवाई में सामाजिक बंधु संत राम यादव, अंजोरी यादव, अवध यादव, रामदेव यादव, मोहित यादव, कीर्ति यादव, पन्ना राम यादव, गिरवर यादव, भागवत यादव एवं समस्त कोसरिया यादव समाज के सामाजिकगणों के साथ ही साथ समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग रहा।

### रेंगाडबरी में कृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ विभिन्न कार्यक्रम





**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में यादव समाज द्वारा राधा कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में शनिवार को पंडित लोचन शर्मा द्वारा पूजा अर्चना किया गया एवं हवन पूजन होने के बाद खीर पुड़ी का प्रसाद वितरण भी किया गया। साथ ही साथ रात्रि में भोजन प्रसादी भंडारा का कार्यक्रम भी रखा गया और भोजन प्रसादी के बाद रात्रि में रामायण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बता दे की दूसरे दिन रविवार को दही लूट का कार्यक्रम किया गया एवं बाजे गाजे के साथ राउत नाचा नाचते कुदते एवं फटाके फोड़ते हुए बच्चों को राधा कृष्ण बनाकर एवं महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण किया गया। इसमें रेंगाडबरी परिक्षेत्र के अरजपुरी, तुरमुड़ा, मंगचुवा, खैरकट्टा, पुनारकसा,भंवरमरा, रायगढ़ आदि के यादव समाज के लोग शामिल हुए जिसमें 36 ग्राम आते हैं यादव समाज के अध्यक्ष धनुष राम यादव, सचिव मोहनलाल उपाध्यक्ष सुखराम यादव तथा ग्राम के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा

**बालोद।** ग्राम मुढ़िया में जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया, जहां बाजे गाजे के साथ भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समस्त ग्रामवासी के सहयोग द्वारा दो दिवसीय त्यौहार भी मनाया गया। इसमें श्री कृष्ण उत्सव समिति द्वारा मटकी फोड़, दही हांडी, रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का भी कार्यक्रम रखा गया। रात्रि में रंगारंग का कार्यक्रम भी हुआ।



# आकार लेने लगीं विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अंडा अंचल में विघ्न विनायक भगवान गणेश के आगमन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी यानी 27 अगस्त से शुरू होने वाले 10 दिवसीय गणेश उत्सव के लिए मूर्तिकार दिन-रात प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। रंग-रोगन और साज-सज्जा के सामानों में हुई भारी बढ़ोतरी के कारण मूर्तियों की कीमतों में भी इजाफा हुआ है।

ग्राम पंचायत कुथरेल के मूर्तिकार उमेश साहू ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी अपनी कलाकारी से बाहर से मिट्टी लाकर गणेश प्रतिमाओं को आकार दे रहे हैं। इस बार भी उनके पास 300 रुपए से 20 हजार तक सैकड़ों मूर्ति बनी है। उन्होंने बताया कि इस बार भी बड़ी मुर्तिया बनी है। कुछ मध्यम और कुछ सांचे से छोटे-छोटे बाल गणेश की प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। अब प्रतिमाओं को रंग-रोगन देने का काम शुरू हो गया है। कुछ मूर्तियों की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि गणेशोत्सव के अलावा, दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, गौरा गौरी सहित अन्य त्योहारों के लिए भी मूर्तियां बनाते हैं, जिससे उनके परिवार का पालन-पोषण होता है। महंगाई की मार और बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा के चलते मूर्तिकारों के लिए अपनी कला को जारी रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है।

# सेजस में मनाया संस्कृत भाषा सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरण हेतु आयोजित संस्कृत सप्ताह का समापन सोमवार को हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सेजस अंजोरा ख दुर्ग शिक्षा विभाग के तत्वावधान में किया गया। संस्कृत प्रदर्शनी का उद्घाटन शाला विकास समिति के अध्यक्ष तीरथ यादव ने किया। जनपद सदस्य संगीता साहू ने संस्कृत महोत्सव पर हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य होरी लाल चतुर्वेदी ने की तथा मुख्य अतिथि डॉ. महेश चन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच संतोष सारथी ने भी उपस्थिति दर्ज करायी और संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। खपरी दुर्ग पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक

- दुर्ग के शिक्षा विभाग ने अंजोरा ख में आयोजित किया संस्कृत सप्ताह का आयोजन

ने कहा कि संस्कृत भाषा देव वाणी है, इसलिए संस्कृत भाषा को जानने वाला व्यक्ति देवतुल्य हो जाता है। समारोह में संस्कृत भाषा की महत्ता, संरक्षण एवं संवर्धन पर विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के विद्यार्थियों ने संस्कृत गीत, श्लोक-पाठ, नाटिका एवं भाषण के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**मुख्य अतिथि डॉ. महेश चन्द्र शर्मा :** ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जिसे हमें जीवन में अपनाना चाहिए। छत्तीसगढ़ का अधिकतर शब्दों का सबंध संस्कृत भाषा से है। इस अवसर पर व्याख्याता, शशिकला चन्द्राकर, ममता देवांगन, सरस्वती श्रीवास्तव, मनोज कुमार गुप्ता, उमा राठौड़, भिनेश्वरी साहू, के कविता, शारदा साहू, सुभाषिनी एलन, अभिलाषा साहू, मीना रावटे, आकाश दुबे आदि उपस्थित थे।

# लॉन्ड्री का काम अब धोबी समाज ही करेगा विवादित टेंडर को सरकार ने किया निरस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने अपने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के साथ स्वास्थ्य मंत्री को धन्यवाद देते हुए आत्मीय अभिनंदन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने डीकेएस के विवादित टेंडर को निरस्त किया था, जिसमें भारी भरकम करोड़ों का टर्नओवर मांगा गया था, जबकि राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अस्पताल में टर्नओवर वाली नियम नहीं रहता, अनुभव को महत्व दिया जाता है। समाज के लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल को धन्यवाद दिया और कहा कि हम लोग के पैत्रिक व्यवसाय को दूसरे जाति के लोग हड़पने की कोशिश कर रहे हैं, हमारा समाज गरीब है हम उनसे लड़ नहीं सकते न्यायालय जाएंगे तो भी खर्चा आएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने समाज के मांग को गंभीरता से लिया और कहा अब पूरे लॉन्ड्री का काम शासकीय संस्थाओं में धोबी समाज को ही मिलेगा। इसके लिए आवश्यकता पड़ी तो हम कैबिनेट में प्रस्ताव पास भी करेंगे और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से चर्चा भी करेंगे। इस अवसर पर राज्य भर के जिला अध्यक्ष, प्रादेशिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# तुलसीदास जयंती पर सतमरा में हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम सतमरा में राज्य स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास जयंती सम्मान समारोह का आयोजन छत्तीसगढ़ मानस संगठन एवं ओम संत शरण अभिलाषी मानस प्रचार समिति ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी बजरंग चौक द्वारा किया गया। इसके समापन के मुख्य अतिथि सभापति संचार संकर्म एवं निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर थे। अध्यक्षता डॉ. दानी राम साहू ने किया। विशेष अतिथि जिला संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ बालोद डॉ. रोहित साहू, डॉ. डामनलाल तन्मय, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज एवं परीक्षेत्रीय संगठन मंत्री माहूद गोपी राम साहू, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सतमरा भोज राम साहू, डॉ. परमेश्वर जेठमल, भूषण लाल साहू, भूषण लाल केतकी, परमेश्वर हिरवानी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ. हरिकृष्ण गंजीर ने कहा ग्राम में होने वाले अच्छे कार्यक्रम की अच्छाई को जीवन में उतारने का प्रयास करें, तब हमारी जिंदगी सार्थक होगी और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। यहां के पालक को अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत सतमरा सोनाऊ राम साहू, चमपेश्वर सिंह राजपूत, शारदा दास मानिकपुरी, मनमोहन साहू, गंगाधर साहू, दिनेश्वर गंगबेर, भोज राम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत पसौद कुमुदिनी, दामन लाल साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बैलोद जितेन साहू, सरपंच ग्राम पंचायत भुसरेगा डोमार साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सीयनमरा अजय निषाद, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत तमोरा के अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आभार सरपंच ग्राम पंचायत सतमरा सोनाऊराम सन्नी साहू ने व्यक्त किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
7 दिन
स्लीपर मात्र 12,500/-
गोवा-बाम्बे
महालक्ष्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
30 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
25 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22501/- ऑफर 19,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)